**3.6.1. Extension activities in neighborhood community in terms of impact and sensitizing students to social issues and holistic development during the last five year.**

**Additional Information**

# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

(पूर्व नाम जबलपुर विश्वविद्यालय, जबलपुर)

समस्त पत्र–व्यवहार कुलसचिव को सम्बोधित किया जाए, किसी अन्य अधिकारी के नाम से नहीं। सम्बधित विषय में यदि पूर्व में पत्र–व्यवहार हुआ हो तो उसके क्रमांक और दिनांक का अनिवार्यतः उल्लेख किया जाना चाहिए, अन्यथा कार्यवाही करने में कठिनाई होगी।

प्रेषक :–
**कुलसचिव,**
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,
जबलपुर

फैक्स : 0761–2603752
दूरभाष : कार्यालय : 2600785
निवास : 2602606
पी.ए.बी.एक्स. : 2600567, 68, 69

क्रमांक / हेल्थसेंटर / 2022 /

जबलपुर, दिनांक : 12/5/22

प्रति,

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
मण्डला (म.प्र.)।

**विषयः सिकल सेल एनीमिया के तहत गोद लिए गए गांवों में चिन्हित सिकल सेल एनीमिया के मरीजों एवं वाहकों के उचित परामर्श, उपचार, जनजागरुकता बावत्।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र द्वारा सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन हेतु रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए पांचों गांवों मे शिविर लगाए जा चुके हैं। जिसकी जानकारी निम्नानुसार है–

| स. क्र. | गोद लिए गए गांवों के नाम | सिकल सेल के परीक्षण हेतु लगाए गए शिविरों की संख्या एवं दिनांक | शिविरों में सिकल सेल के मरीजों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | ब्लड स्क्रीनिंग टेस्ट | सिकल सेल डिसीज | सिकल सेल वाहक |
| 1. | 1. तरवानी | 04.02.2022 | 75 | 00 | 10 |
| 2. | 2. समनापुर<br>3. औरैया | 07.03.2022 | 120 | 01 | 17 |
| 3. | समनापुर (फालोअप कैम्प) | 09.04.2022 | 52 | 00 | 08 |
| 4. | 4. डोभी | 18.04.2022 | 106 | 01 | 15 |
| 5. | 5. जमुनिया | 05.05.2022 | 89 | 00 | 14 |

उपरोक्त चिन्हित सिकल सेल एनीमिया के मरीजों एवं वाहकों के लिए उचित परामर्श, उपचार एवं जनजागरुकता हेतु आवश्यक कार्यवाही हेतु जिला अस्पताल मण्डला / सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बीजाडाण्डी के विशेषज्ञ चिकित्सकों से कराने का कष्ट करें। उपरोक्त सूची खण्ड चिकित्सा अधिकारी बीजाडाण्डी / आईसीएमआर के पास उपलब्ध है।

कृपया इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए की गई कार्यवाही से रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

कुलसचिव
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर
जबलपुर, दिनांक : ..................

पृ.क्र. / हेल्थसेंटर / 2022 / 233/HC/22
**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–**

1. डॉ. रूबी खान, उपसंचालक, ब्लड सेल, भोपाल।
2. डॉ. राजा सुब्रमणियम, नोडल अधिकारी, आई.सी.एम.आर., जबलपुर।
3. प्रो. विवेक मिश्रा, सदस्य, रादुविवि, जबलपुर।
4. श्री रोहित सिंह कौशल, सदस्य, रादुविवि, जबलपुर।
5. डॉ. अशोक मराठे, समन्वयक, रासेयो, रादुविवि, जबलपुर।
6. खण्ड चिकित्सा अधिकारी, बीजाडाण्डी, जिला–मण्डला (म.प्र.)।
7. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, बीजाडाण्डी, जिला–मण्डला (म.प्र.)।
8. महिला बाल विकास अधिकारी, बीजाडाण्डी, जिला–मण्डला (म.प्र.)।
9. मान. कुलपति / कुलसचिव के निज सहायक, रादुविवि, जबलपुर।

12/5/22

**(डॉ. संजय श्रीवास्तव)**
चिकित्सा एवं नोडल अधिकारी
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

**जबलपुर, नईदुनिया प्रतिनिधि।**25 Aug 2022 मानवता की सेवा का सौभाग्य ईश्वरीय कृपा से मिलता है। सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग के लिए रणनीति बनाकर कार्य किया जाना चाहिए। जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए जन जागरूकता जरूरी है। पूरे मध्यप्रदेश का पहला निश्शुल्क सिकल सेल एनीमिया

की ब्लड स्क्रीनिंग टेस्ट शिविर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किया गया है। उपरोक्त विचार कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने बुधवार को वैदेही स्वास्थ्य केन्द्र, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में आयोजित निःशुल्क टेस्ट-सिकलसेल एनीमिया बीमारी जांच शिविर के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए।



## International Yoga Day -2022







**स्वतंत्र संग्राम सेनानियों को याद कर एनएसएस द्वारा किया गया रक्तदान**

आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम, महात्मा गांधी के 152 वी जयंती तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के 52 वें स्थापना दिवस के तारतम्य में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम(20 सितंबर से 04 अक्टूबर2021) के समापन अवसर पर एन एस एस-ओपन यूनिट, राष्ट्रीय सेवा योजना, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जो कि प्रातः 11:00 बजे से रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में पंडित कुंजीलाल प्रेक्षागृह में कुलपति रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय प्रोफ. कपिल देव मिश्र की अध्यक्षता एवं कलेक्टर जिला जबलपुर कर्मवीर शर्मा, प्रोफ. बृजेश सिंह - कुलसचिव रादुविवि, प्रोफ़. अशोक कुमार मराठे कार्यक्रम समन्वयक - एनएसएस के मार्गदर्शन एवं डॉ देवांशु गौतम कार्यक्रम अधिकारी मुक्त इकाई के संयोजन में प्रारंभ हुआ।





**टी बी जागरूकता कार्यक्रम 2021**

जन जन का हो एक ही नारा - टी.बी.मुक्त हो देश हमारा*

हम सब ने यह ठाना है टी.बी. को जड़ से मिटाना है*

उक्त नारे मध्य प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर मध्य प्रदेश में दिनांक 13 से 20 अगस्त 2021 के बीच आयोजित टी बी जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवक छात्र छात्राओं ने जागरूकता गतिविधियों के अंतर्गत लगाए।



दैनिक पद्मावती एक्सप्रेस
email-padmaavatiexpress@gmail.com
• वर्ष-04 • अंक-205
• पृष्ठ-8 • मूल्य-3 रुपए
जबलपुर, सोमवार 26 जुलाई 2021 MPHIN/2017/73857
@PadmaavatiExpress01 @padmaavati_express. @PadmavatiExpre1



# भारत माता की जय घोष के साथ साइकिल रैली हुई आयोजित



पद्मावती एक्सप्रेस, जबलपुर

भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान #Cycles4Change के अंतर्गत आज नगर निगम स्मार्ट सिटी जबलपुर एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में फिट इंडिया फिट इंडिया टीम के अंतर्गत साइकिल ट्रैक रैली का आयोजन किया गया यह रैली रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से प्रारंभ होकर डुमना नेचर पार्क डुमना एयरपोर्ट रोड में समाप्त हुई, कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शहर को साइकिल फ्रेंडली सिटी बनाना रहा ।

कार्यक्रम का आयोजन  नगर निगम आयुक्त संदीप जी आर एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कपिल देव मिश्र के मार्ग दर्शन में किया गया ।रैली का शुभारंभ कुलपति प्रोफ. कपिल देव मिश्र द्वारा झंडी दिखाकर किया गया।

इस दौरान प्रोफेसर कपिल देव मिश्र ने कहा कि हम सभी को प्रकृति का संरक्षण और प्रदूषण को दूर करना होगा इस हेतु अधिक से अधिक लोगों को साइकिल का उपयोग करना चाहिए ताकि प्रदूषण कम हो और सब सेहतमंद रहे ताकि वर्तमान परिवेश में चल रहे विभिन्न प्रकार के संक्रमण से भी सबका बचाव हो सके। इस दौरान जबलपुर स्मार्ट सिटी की  सी.ई.ओ निधि सिंह राजपूत तथा कार्यक्रम समन्वयक एनएसएस रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय प्रोफ. अशोक कुमार मराठे, वित्त नियंत्रक रोहित सिंह कौशल व डॉ विशाल बनने ने भी सभी प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन किया ।

रैली के संबंध में विभिन्न दिशा निर्देश एवं जानकारी प्रदान करते हुए डॉ देवांशु गौतम कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस ओपन यूनिट ने बताया कि सभी को सावधानी से साइकिल रैली में सहभागिता करते हुए रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से डुमना नेचर पार्क तक पहुंचना है जहां पर अल्पाहार के पश्चात रैली का समापन होगा तथा सभी को उत्साह के साथ नारे लगाते हुए प्रकृति के प्रति सभी को जागरूक करना होगा।

## इनकी रही सहभागिता

इस दौरान स्मार्ट सिटी टीम से गजेंद्र सिंह, शैलजा सुलेरे, ट्रेक्सपर्ट ग्रुप से  प्रशांत माशि व उनकी टीम , रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की टरर की टीम से डॉ. देवांशु गौतम-कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस ओपन यूनिट एवं फैकल्टी भूगोल विभाग, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के नेतृत्व में मनीष दुबे कार्यक्रम अधिकारी संत अलोयसिस









स्कूल सदर, फिजिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट रादुविवि से फैकल्टी -कन्हैया राठौर, एन एस एस के वरिष्ठ स्वयंसेवकों में अरविंद कुमार लोधी, सुबेन्दु मन्ना, अंकित लखेरा, सुयश श्रीवास्तव, प्रतीक जैन, निखिल गुप्ता, योगेश पटेल, राशि अग्रवाल, सोनम प्रजापति, वैष्णवी बैरागी, दुर्गा सोनी, अक्षर तिवारी, हेडेन रोजारियो, ग्लेन रोजारियो आदि के साथ 32 एन एस एस के प्रतिभागी तथा स्मार्ट सिटी के सायकिल ब्रांड अम्बेसडर अंकित सहित शहर के अन्य सम्माननीय जन शामिल हुए ।

# शहर में इको फ्रेंडली सिटी बनाने का दिया संदेश




**जबलपुर** ◆ भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान साइकिल फॉर चेंज के अंतर्गत नगर निगम स्मार्ट सिटी जबलपुर और रादुविवि के संयुक्त तत्वावधान में रादुविवि से डुमना नेचर पार्क और डुमना एयरपोर्ट रोड तक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। शुभारंभ रादुविवि कुलपति प्रो. केडी मिश्र, नगर निगम आयुक्त संदीप जी आर ने किया। जबलपुर स्मार्ट सिटी सीइओ निधि सिंह राजपूत, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अशोक मराठे, वित्त नियंत्रक रोहित सिंह कौशल, डॉ. विशाल बन्ने कस सहयोग रहा। कार्यक्रम में एनएसएस अधिकारी डॉ. देवांशु गौतम, गजेन्द्र सिंह, शैलजा सुल्लेरे, प्रशांत मसीह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मनीष दुबे, कन्हैया राठौर, अरविंद कुमार लोधी, सुबेन्दु मन्ना, अंकित लखेरा, सुयश श्रीवास्तव, प्रतीक जैन, अंकित सेन उपस्थित थे।






## तीसरी बार आयोजित हुआ एक दिवसीय कोरोना वैक्सीनेशन कैंप

कोरोना की संभावित तीसरी लहर का खतरा और धीरे-धीरे करके खुल रही शैक्षणिक संस्थाओं को ध्यान में रखते हुए रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर की मुक्त इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना एवं वैदेही स्वास्थ्य केंद्र रादुविवि के संयुक्त तत्वावधान में विशेष रूप से छात्र-छात्राओं व कर्मचारियों एवं शिक्षकों तथा जन सामान्य को कोरोना संक्रमण से बचाने व टीकाकरण कराने के उद्देश्य से रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कस्तूरबा छात्रावास परिसर में.






# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय,
# जबलपुर, मध्यप्रदेश



## सुरक्षित रहने के नियम

- यदि आप पात्र है तो कोरोना वैक्सीन का टीका लगवाएं
- हमेशा फेस-कवर/ मास्क पहनें
- 2 गज ←→ 6 फीट — दूसरों से उचित दूरी बना कर रखें
- अपने हाथ साबुन और पानी से नियमित तौर पर अच्छी तरह धोएं

राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME

## कोरोना की दूसरी लहर के संक्रमण से बचाव और जागरूकता की आवश्यकता

विषय पर

16 अप्रैल 2021

शाम 05:25 बजे से

## ऑनलाइन संगोष्ठी

| अध्यक्ष | मुख्य वक्ता | विशिष्ट अतिथि | संयोजक |
|---|---|---|---|
|  |  |  |  |
| प्रोफ. कपिल देव मिश्र<br>कुलपति<br>रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर | रिजु बाफना<br>सीईओ<br>जिला पंचायत-जबलपुर (म.प्र.) | प्रोफ. अशोक कुमार मराठे<br>कार्यक्रम समन्वयक-एनएसएस<br>रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर | डॉ. देवांशु गौतम<br>कार्यक्रम अधिकारी-एनएसएस मुक्त इकाई,<br>रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर |

आयोजक

**जिला प्रशासन, जबलपुर एवं एन. एस. एस. मुक्त इकाई**
**रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर, मध्यप्रदेश**

संगोष्ठी मे निम्न गूगल लिंक पर क्लिक करके जुड़े

https://meet.google.com/iov-negk-yve

राष्ट्रीय सेवा योजना शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
छिंदवाड़ा

# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर

## टीका उत्सव कार्यक्रम

















**Pulse Polio vaccination Campaign by**
**Open Unit Rani Durgavati Vishwavidyalaya Volunteers**
**at Seoni, Jabalpur & Katni**












जबलपुर
बुधवार 02 दिसम्बर 2020
(मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष द्वितीया 2077)
वर्ष 14 अंक 74, पृष्ठ 12, मूल्य ₹ 2.50

सच कहने का साहस और सलीका
राज एक्सप्रेस
■ जबलपुर ■ भोपाल ■ इंदौर ■ ग्वालियर ■ रतलाम ■ रीवा ■ सतना ■ छिंदवाड़ा ■ उज्जैन ■ सागर



# एड्स जागरुकता के लिए हर वर्ग से संवाद आवश्यक : कुलपति प्रो. मिश्र

**जबलपुर (आरएनएन)।** एड्स एक ऐसा विषय है, जिस विषय पर बिना संवाद किए या बिना जानकारी का आदान-प्रदान किए, इसको रोकना और इसके प्रति जागरूकता फैलाना असंभव है। हम सभी को इस ओर ध्यान देना होगा कि किस प्रकार से हम सभ्य रूप में और उन्मुक्त भाव से एचआईवी/एड्स संबंधी आवश्यक जानकारियों को समाज में एक दूसरे से संवाद के माध्यम से साझा करें और इस महामारी से निजात पाएं। उपरोक्त विचार कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने मंगलवार को एड्स दिवस पर आयोजित एक दिवसीय एड्स जागरूकता ऑनलाईन संगोष्ठी व संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए।

रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी एनएसएस प्रकोष्ठ व मुक्त इकाई रेड रिबन क्लब के द्वारा विश्व एड्स दिवस पर आयोजित एक दिवसीय एड्स जागरूकता संगोष्ठी व संवाद कार्यक्रम का आयोजन मप्र शासन एवं भारत सरकार के निर्देशानुसार वर्चुअल माध्यम से किया गया। इसमें आरडीयू परीक्षेत्र के आठों जिलों के विभिन्न संस्थाओं के स्वयंसेवक व अधिकारीगण जुड़े रहे। प्रथम चरण में आरडीयू रासेयो समन्वयक प्रो. अशोक कुमार मराठे ने रेड



रिबन क्लब के संचालन एवं उसकी गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.रत्नेश कुररिया ने कहा कि जिस प्रकार से एचआईवी/एड्स शारीरिक रूप से क्षति पहुंचाता है, उसी प्रकार से मानसिक दबाव भी इस बीमारी को और गंभीर बनाने का कारक होती है। विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ.अमिता सक्सेना ने एचआईवी/एड्स संबंधी जानकारी प्रदान करते हुए इसके इतिहास और जागरूकता व सावधानियों की जानकारी प्रदान की। संचालन एवं आभार प्रदर्शन आरडीयू रासेयो मुक्त इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ.देवांशु गौतम ने किया। आयोजन में डॉ.आरपी सिंह कटनी, डॉ.धनराज सिरामे बालाघाट, डॉ.आनंद सिंह राणा जिला संगठक जबलपुर सहित डॉ.अखिलेश पाठक, डॉ. मुकुल तिवारी, प्रदीप सेन एवं स्वयंसेवकों में सुबेन्दु मन्ना, नितिन पांडे, प्रशांत कुमार, दिनेश साहू, भगवान दास साहू, रितु परसवार, उमा द्विवेदी, प्रिया सहित अन्य स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

| जबलपुर, बुधवार, 02 दिसंबर, 2020 | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष द्वितीया संवत् 2077

पत्रिका

पत्रिका अखबार हर दिन लोगों के घर के दरवाजे खोलता है और पढ़ने के बाद मन के दरवाजे खोलता है।



# एड्स के प्रति जागरुकता के लिए हर वर्ग से संवाद आवश्यक



**जबलपुर** ◆ रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ व मुक्त इकाई रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ। मध्यप्रदेश शासन एवं भारत सरकार के निर्देशानुसार वर्चुअल माध्यम से जागरूकता संगोष्ठी की गई। इसमें विश्वविद्यालय परीक्षेत्र के 8 जिलों से प्रतिभागी शामिल हुए। अध्यक्षता कुलपति प्रो. केडी मिश्र ने की। कार्यक्रम मार्गदर्शन कार्यक्रम समन्वयक प्रो. अशोक कुमार मराठे का रहा। उन्होंने रेड रिबन के संचालन की गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ. रत्नेश कुररिया ने कहा कि एड्स शारीरिक रूप के साथ मानसिक दबाव के रूप में भी क्षति पहुंचाता है। विषय विशेषज्ञ डॉ. अमिता सक्सेना, गायनेकोलॉजिस्ट ने एचआईवी एड्स संबंधी जानकारी प्रदान की। संयोजक डॉ. देवांशु गौतम ने बताया कि एनएसएस द्वारा प्रतिवर्ष जागरूकता रैली, पोस्टर, निबंध आदि के कार्यक्रम किए जाते रहे हैं। इस दौरान डॉ. आरपी सिंह, कटनी, डॉ. धनराज सिरामे बालाघाट, डॉ. आनंद सिंह राणा, जबलपुर, डॉ. अखिलेश पाठक, डॉ. मुकुल तिवारी, प्रदीप सेन आदि का योगदान रहा।

**विश्वविद्यालय के गोद ग्राम में टीका उत्सव के अंतर्गत एन एस एस स्वयंसेवकों ने कराया ग्रामीण जनों का टीकाकरण**

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर द्वारा गोद लिए गए ग्राम देवरी पटपरा में टीका उत्सव के अंतर्गत प्रोफे. कपिल देव मिश्र कुलपति- रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के संरक्षण, कार्यक्रम समन्वयक एनएसएस प्रोफ़े. अशोक कुमार मराठे के मार्गदर्शन व ओपन यूनिट एनएसएसके के कार्यक्रम अधिकारी डॉ देवांशु गौतम के नेतृत्व में हुआ।









राद्रुविवि की एन.एस.एस. द्वारा सत्र 2019 में आयोजित 07 दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के दौरान ग्राम - बरमान में पौधारोपण करते अधिकारी व स्वयंसेवक छात्र




रादुविवि की एन.एस.एस. द्वारा सत्र 2019 में आयोजित 07 दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के दौरान ग्राम-बधुवार में स्वच्छ भारत जागरूकता रैली निकालते अधिकारी व स्वयंसेवक छात्र




रादुविवि की एन.एस.एस. द्वारा सत्र 2019 में आयोजित 07 दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के दौरान ग्राम-बधुवार में पर्यावरण जागरूकता रैली निकालते अधिकारी व स्वयंसेवक छात्र




रादुविवि की एन.एस.एस. द्वारा सत्र 2018 में आयोजित 07 दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के दौरान ग्राम - बरमान में पौधारोपण करते अधिकारी व स्वयंसेवक छात्र


राष्ट्रीय सेवा योजना
National Service Scheme-Open unit
आग़ाज़ इंटर्नशिप / Agaaz Internship
Child Labour
Rani Durgawati University, Jabalpur (M.P.)

# 'सड़क सुरक्षा में युवा समझें अपनी भूमिका'



जबलपुर ◆ गवर्नमेंट साइंस कॉलेज में युवाओं को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए एक जागरूकता पूर्वक कार्यक्रम आयोजित हुआ।

मुख्य अतिथि रिटायर्ड डीएसपी यातायात डीएल तिवारी थे। कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस यूनिट द्वारा किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया। डॉ. रचना सांचा ने बताया कि युवाओं को यातायात के नियमों का पालन करना जरूरी है। प्रिंसिपल डॉ. एएल महोबिया ने कहा कि सावधानी की सुरक्षा है।

इस मौके पर जनआक्रोश संस्था से विवेक यादव, श्वेता यादव, रोटरी क्लब अध्यक्ष सुधीर हरिदास, एनएसएस समन्वयक डॉ. अशोक मराठे, डॉ. आरके श्रीवास्तव, डॉ. उषा मशराम, डॉ. ज्योति श्रीवास्तव उपस्थित थीं। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. डीके कोष्टा ने किया। संचालन लेखनी नायडू और अर्पिता गुप्ता ने किया।




रादुविवि की एन.एस.एस. द्वारा सत्र 2017 में आयोजित 07 दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के दौरान ग्राम-बघुवार में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नर्मदाघाट मे स्वच्छता कार्य के दौरान अधिकारी व स्वयंसेवक छात्र



रादुविवि की एन.एस.एस. द्वारा सत्र 2017 में आयोजित 07 दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के दौरान ग्राम-बरमान में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नर्मदा घाट मे स्वच्छता कार्य के दौरान अधिकारी व स्वयंसेवक छात्र-छात्राऐं